# प्रादेशिक समाचार

## दिनांक–08.06.2025 (संध्या–1900 बजे)

## मुख्य समाचार

- केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर राज्य के विभिन्न स्थानों पर हो रहे कार्यक्रम, रामगढ़ में विकसित भारत कार्यशाला का हुआ आयोजन, पाकुड़ में भाजपा ने घोषित की कार्यक्रमों की श्रृंखला।
- गिरिडीह में 7 करोड़ रुपए की 45 योजनाओं का हुआ शिलान्यास, नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के दिए निर्देश।
- अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी में राज्य योग केंद्र में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित, 200 से अधिक प्रतिभागियों ने योग की विभिन्न विधाओं का अभ्यास कर स्वास्थ्य लाभ किया प्राप्त।
- राज्य में अगले दो दिनों तक तापमान में बढ़ोतरी की संभावना, मौसम विभाग ने कुछ हिस्सों में वज्रपात और तेज हवाओं का जारी किया येलो अलर्ट।
- चाईबासा में 18 दिवसीय समर बैडमिंटन कैंप का हुआ समापन, विजेता प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित।

*******************

केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर झारखंड समेत देशभर में कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। इसके तहत पाकुड़ में भाजपा ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण विषय पर कार्यक्रमों की रूप–रेखा तय की। लिट्टीपाड़ा में आयोजित कार्यशाला में प्रदेश मंत्री रविकांत मिश्रा और जिलाध्यक्ष अमृत पांडेय ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। मौके पर 10 से 25 जून तक जनसंपर्क, पंचायत चौपाल, योग दिवस सहित विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन के साथ 24 जून को हेमंत सरकार के खिलाफ आक्रोश प्रदर्शन का निर्णय लिया गया।

इधर, रामगढ़ जिले में भी 'विकसित भारत' कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें शामिल बुद्धिजीवियों और ग्रामीण महिलाओं ने सरकार की योजनाओं को सराहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष विकास प्रीतम ने कहा कि 11 वर्षों में हुए विकासात्मक कार्यों को जनता के बीच ले जाना भाजपा की जिम्मेदारी है।

*******************

देश में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सिद्धांतों से प्रेरित एक दशक में महत्वपूर्ण परिवर्तन हुए हैं। आकाशवाणी समाचार पिछले 11 वर्ष में प्रमुख क्षेत्रों में सरकार के प्रयासों पर एक विशेष प्रसारण लेकर आया है। इस श्रृंखला में आज प्रस्तुत है पर्यावरण सरंक्षण और विकास पर केन्द्रित यह विशेष रिपोर्ट...

*******************

गिरिडीह में नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने 7 करोड़ रुपए की लागत से 45 विकास योजनाओं का शिलान्यास किया। मौके पर उन्होंने अधिकारियों को योजनाओं को समय पर और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए।

*******************

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 की तैयारी में राज्य योग केंद्र में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें 200 से अधिक लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में योग की विभिन्न विधाओं का अभ्यास कराया गया और अभ्यर्थियों ने इससे लाभ प्राप्त किया। इस कार्यक्रम में झारखंड राज्य युवा आयोग के मंत्री और अधिकारी गण भी उपस्थित थे। सभी प्रतिभागियों ने आयोजकों का धन्यवाद देते हुए भविष्य में ऐसे और कार्यक्रमों की मांग की।

*******************

आकाशवाणी ने आज अपनी सेवा के 90 वर्ष पूरे कर लिए हैं। 8 जून 1936 को, आज ही के दिन भारतीय राजकीय प्रसारण सेवा का नाम बदलकर आकाशवाणी किया गया था। यह देश के सांस्कृतिक, सूचना और प्रसारण के इतिहास में एक ऐतिहासिक क्षण था। पेश है एक रिपोर्ट –

*******************

डालटनगंज शिक्षक पात्रता परीक्षा नियमावली में नागपुरी और कुडुख को शामिल किए जाने का विरोध शुरू हो गया है। पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि पलामू, गढ़वा और लातेहार में मगही और भोजपुरी

बोली जाती है, लेकिन इन्हें नियमावली में जगह नहीं दी गई। उन्होंने इसे पलामू प्रमंडल के युवाओं के साथ अन्याय बताया और जरूरत पड़ने पर सड़क पर उतरने की चेतावनी दी है।

*******************

झारखंड विधानसभा की प्रत्यायुक्त समिति के सभापति सरयू राय की अध्यक्षता में बेतला में बैठक आयोजित हुई जिसमें पलामू टाइगर रिजर्व के संवर्धन और संरक्षण में आ रही कठिनाइयों पर विचार–विमर्श किया गया। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे संवाददाता–

*******************

राज्य में गर्मी का असर बढ़ने लगा है और पलामू सहित कई जिलों का तापमान 39 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है, साथ ही अगले दो दिनों तक तापमान में और वृद्धि की संभावना है। मौसम विभाग ने 12 जून तक राज्य में कहीं–कहीं वज्रपात और तेज हवाओं के साथ गरज के लिए येलो अलर्ट जारी किया है।

*******************

चाईबासा के बिरसा मुंडा इंडोर स्टेडियम में आयोजित 18 दिवसीय समर बैडमिंटन कैंप का आज समापन हुआ। 20 मई से शुरू हुए इस कैंप में जिले के 30 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिन्हें अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा गहन प्रशिक्षण दिया गया। समापन के दिन खिलाड़ियों के बीच प्रतियोगिता कराई गई, जिसमें बालक और बालिका वर्ग के विभिन्न ग्रुपों में विजेताओं को सम्मानित किया गया।

*******समाप्त********